# डीएनडी की मरम्मत का काम शुरू, यातायात रहा प्रभावित

संक्षेप: नोएडा और दिल्ली को जोड़ने वाली डीएनडी की रिसरफेसिंग का काम सोमवार से शुरू हो गया। यह कार्य दो महीने तक चलेगा, जिसमें सड़क की स्थिति में सुधार किया जाएगा। कंपनी इस कार्य पर पांच करोड़ रुपये खर्च करेगी। टोल शुल्क समाप्त होने के बाद, सड़क की हालत खराब थी जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

नोएडा, प्रमुख संवाददाता। नोएडा और दिल्ली को जोड़ने वाली डीएनडी की मरम्मत यानी रिसरफेसिंग का काम सोमवार से शुरू हो गया। दिल्ली से नोएडा की ओर आने वाले रास्ते पर यह काम शुरू किया गया है। दोपहर में हुए निर्माण कार्य की वजह से यातायात प्रभावित रहा। करीब दो महीने तक रात और दोपहर के समय सड़क की रिसरफेसिंग से संबंधित काम होंगे। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि दूसरे फेज में डीएनडी की सड़क को बेहतर करने का काम शुरू किया गया है। रिसरफेसिंग समेत अन्य काम पर कंपनी पांच करोड़ रुपये खर्च करेगी। मुख्य सड़क के अलावा नोएडा और दिल्ली की ओर उतरने वाले लूप को मिलाकर सड़क करीब आठ किलोमीटर लंबी है।

इन सभी हिस्सों में सड़क की रिसरफेसिंग का काम किया जाएगा। इसमें नए सिरे से सड़क पर बिटुमिन बिछाने का काम किया जाएगा। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सड़क की रिसरफेसिंग का काम इस साल दिसंबर अंत या जनवरी के मध्य तक पूरा कर लिया जाएगा। बीते करीब नौ साल से डीएनडी पर टोल शुल्क नहीं लिया जा रहा है। शहर की आरडब्ल्यूए का प्रतिनिधित्व कर रही फोनरवा की ओर टोल शुल्क वसूली समाप्त करने को लेकर उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक लड़ाई लड़ी गई। दोनों जगह फोनरवा की जीत हुई और डीएनडी को टोल फ्री कर दिया गया। गौरतलब है कि इस समय सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है। इससे वाहन चालकों के सफर आरामदायक नहीं हो पा रहा था।

विज्ञापन के 100 करोड़ रुपये बकाया देने पर रोक लग चुकी इस समय टोल ब्रिज कंपनी विज्ञापन के जरिए आय प्राप्त कर रही है। नोएडा प्राधिकरण ने दो महीने पहले अप्रैल 2018 से अप्रैल 2025 तक विज्ञापन का बकाया लेने के लिए टोल ब्रिज कंपनी को 100 करोड़ 71 लाख रुपये का नोटिस जारी किया था। बकाया लेने के पीछे प्राधिकरण के अधिकारियों ने तर्क दिया था कि कंपनी ने बीते सालों में तय दरों से कम शुल्क का भुगतान किया था। इसी बकाया को लेने के लिए नोटिस जारी किया गया था। कंपनी ने इसके खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर न्यायालय ने रोक लगा दी थी।

Article Link:

https://www.livehindustan.com/ncr/noida/story-dnd-flyway-repair-work-starts-traffic-disrupted-in-noida-and-delhi-201762778665640.html